प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

28.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन आज नियम 62 के तहत दो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे जिनमें विधायक केवल सिंह पठानिया शाहपुर के हारचक्कियां व लंज में चिकित्सकों की कमी के कारण दो लोगों की सर्पदंश से आकस्मिक मौत पर सदन का ध्यान आकर्षित करेंगे। वहीं बंजार क्षेत्र के सराज वन मंडल में सुराग शिल्ह जंगल में काटे गए हरे पेड़ों के अवैध कटान पर विधायक सुरेंद्र शौरी सदन का ध्यान आकर्षित करेंगे। नियम 130 के अंतर्गत प्रदेश में भारी बरसात व आपदा के कारण जनमानस, सड़कों, पुलों, घरों, फसलों, सरकारी भवनों व निजी भूमि सहित पेयजल व सिंचाई योजनाओं को हुए नुक्सान के बारे में चल रही चर्चा जारी रहेगी। उधर भाजपा के विधायक त्रिलोक जम्वाल, बलवीर सिंह वर्मा, सुखराम चौधरी और राकेश जम्वाल प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर नियम 130 के अंतर्गत प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा आज सदन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और अलग-अलग समितियों के सभापति सदन के सभापटल पर विभिन्न दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे। इससे पहले 11 बजे विधानसभा सत्र के दूसरे दिन की शुरूआत प्रश्नकाल के साथ होगी।

एनटीएफ-बैठक

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित राष्ट्रीय कार्यबल-एन टी एफ चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा के लिए अल्पकालिक उपायों पर चर्चा करने के लिए राज्य् के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक करेगा। केन्द्रीय गृह और स्वास्थ्य सचिव वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की सह अध्यक्षता करेंगे। इससे पहले, कल नई दिल्ली में कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एनटीएफ की पहली बैठक आयोजित हुई। बैठक में सुरक्षा उपायों सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और कार्यबल के सदस्यों ने अपने सुझाव भी पेश किए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर एन टी एफ को सुझाव से संबंधित शीर्षक से एक राष्ट्रीय पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल पर देश भर से विभिन्न भागीदार और लोग अपने व्यक्तिगत सुझाव भेज सकते हैं।

शहादत

सिरमौर जिला के आंजभोज क्षेत्र के भरली शिवा गांव के ग्रिनेडियर आशीष कुमार अरूणाचल प्रदेश में कल ऑपरेशन अलर्ट के दौरान शहीद हो गए। सैनिक कल्याण बोर्ड के उप निदेशक मेजर दीपक धवन ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि वे 19 ग्रिनेडियर के कमांडिंग ऑफिसर के संपर्क में हैं ताकि शहीद की पार्थिव देह को उनके पैतृक गांव लाया जा सके। 14 मार्च 1999 को जन्में आशीष कुमार के

पिता का पहले ही देहांत हो चुका है जबकि उनके पीछे मां, दो भाई और एक बहन है। मेजर दीपक ने बताया कि भूतपूर्व सैनिकों का एक दल आशीष के पैतृक गांव भरली पहुंच गया है।

निर्वाचन अधिकारी

केंद्रीय चुनाव आयोग ने वर्ष 2001 बैच की आई ए एस अधिकारी नंदिता गुप्ता को हिमाचल का मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। केंद्रीय सूचना आयोग ने इस बारे में कल अधिसूचना जारी कर दी है। आयोग ने प्रदेश सरकार को नंदिता गुप्ता को सौंपे गए सभी कार्यभारों से मुक्त करने के निर्देश जारी किए हैं। नंदिता गुप्ता के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए जाने के बाद मनीष गर्ग को इस पदभार से मुक्त कर दिया गय है।

मौसम

प्रदेश में बीते तीन दिन से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है और अब तक प्रदेश में लगभग एक हजार 2 सौ 17 करोड़ रूपए से अधिक का नुक्सान हो चुका है। राज्य में अभी भी 40 से अधिक सड़कें बंद पड़ी हैं और विभिन्न इलाकों में विद्युत व पेयजल आपूर्ति बाधित है। मौसम विभाग ने प्रदेश के सात जिलों शिमला, सिरमौर, सोलन, बिलासपुर, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में तेज आंधी के साथ भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से–––––

आज सभी समाचार पत्रों ने विधानसभा सत्र से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी के शब्द हैं **मानसून सत्र के पहले ही दिन हंगामा, नारेबाजी और वाकआउट। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **प्रदेश में कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए नहीं मिली मंजूरी, विपक्ष का वाकआउट। अमर उजाला** के शब्द हैं **लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल करने का विधेयक पारित। दैनिक जागरण** का शीर्षक है **हिमाचल में लड़कियों की शादी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होगी। हिमाचल दस्तक** का कहना है **अब 21 साल होगी लड़कियों की शादी की उम्र।**

कोर्ट के फैसले से जुड़ी खबर को **दैनिक जागरण** ने शीर्षक दिया है **उप निदेशकों के पद भरने के लिए तय कोटा असंवैधानिक। दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **उपनिदेशकों के पद भरने को निर्धारित कोटा खारिज।**

आई एस अधिकार नंदिता होंगी हिमाचल की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमर उजाला की एक खबर है।

दिव्य हिमाचल के अनुसार **चंबा के सुनील कुमार को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार।**

सिरमौर का जवान अरूणाचल में शहीद शीर्षक से **आपका फैसला** ने लिखा है ऑपरेशन अलर्ट के दोरान दुर्घटना में 3 जवानों ने पाई शहादत।

मौसम की खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **शिमला में 83 मिमी बारिश, आज भी येलो अलर्ट, 126 सड़कें अभी बंद।** पंजाब केसरी के शब्द हैं **रोहतांग सहित शिंकुला व बारालचा दर्रों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात।**